हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ५ अंक २२५ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १९ जनवरी २०२१ दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## पाकिस्तान में सिंध को अलग देश बनाने की मांग हुई तेज

# पीएम मोदी के पोस्टरों के साथ सड़कों पर उतरे लोग

### प्रदर्शनकारियों ने अपील की कि विश्व के नेता सिंध को अलग देश बनाने में उनकी मदद करें




प्रखर एजेंसी। पाकिस्तान में सिंध को अलग देश बनाने की मांग तेज हो गई है। सिंध को अलग देश बनाने की मांग को लेकर इमरान खान सरकार के खिलाफ यहां हजारों लोगों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान लोग नरेंद्र मोदी समेत कई विदेशी नेताओं की तस्वीर हाथ में लिए हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने अपील की कि विश्व के नेता सिंध को अलग देश बनाने में उनकी मदद करें। दरअसल 17 जनवरी यानी कल जीएम सैयद की 117वीं जयंती थी। इस मौके पर प्रांत के जमसोरो जिले में सैयद के गृहनगर में अलग सिंधुदेश बनाने की मांग को लेकर बड़ा प्रदर्शन किया गया। आपको बता दें कि जीएम सैयद को आधुनिक सिंधी राष्ट्रवाद का संस्थापक माना जाता है। इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य विश्व नेताओं की तख्तियों को उठाया ताकि सिंधु देश की स्वतंत्रता के लिए अपना समर्थन दें। इन लोगों का कहना है कि सिंध, सिंधु घाटी सभ्यता और वैदिक धर्म का घर है, जिसपर ब्रिटिश साम्राज्य ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया था और 1947 में पाकिस्तान के इस्लामी हाथों में दे दिया गया था। सिंध में कई राष्ट्रवादी दल हैं, जो एक स्वतंत्र सिंध राष्ट्र की वकालत कर रहे हैं। वे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर इस मुद्दे को उठाते रहे हैं और पाकिस्तान को एक ऐसा व्यवसायी बताते हैं, जो संसाधनों का दोहन जारी रखता है और इस क्षेत्र में मानवाधिकारों के उल्लंघन में शामिल है। इस आंदोलन से जुडे नेताओं का मानना है कि संसदीय तरीके से आजादी और अधिकार नहीं मिल सकते हैं। सिंध प्रांत के साथ इमरान सरकार काफी ज्यादती कर रही है। यही नहीं सिंध की जमीन को जबरन चीन को दिया जा रहा है। समुद्री इलाके चीन को मछली पकड़ने के लिए दिए जा रहे हैं। गौरतलब है कि बलूचिस्तान में सिंध के आजादी समर्थक संगठनों ने पिछले दिनों ऐलान किया था कि वे चीन–पाकिस्तान आर्थिक कॉरिडोर का मलिकर विरोध करेंगे। उन्होंने कहा था कि चीन के दमनात्मक सीपीईसी प्रॉजेक्ट से सिंध और बलूचिस्तान दोनों ही प्रभावित हुए हैं। बलूच राजी अलोई संगर संगठन के प्रवक्ता बलोच खान ने कहा कि सीपीईसी के जरिए चीन सिंध और बलूचिस्तान पर कब्जा करना चाह रहा है। यही नहीं ग्वादर और बादिन के तटीय संसाधनों पर भी नियंत्रण करना चाह रहा है।

## कोरोना टीका लगने के बाद 580 लोगों को हुआ साइड इफेक्ट, 7 लोग अस्पताल में भर्ती



प्रखर डेस्क। देश में 16 जनवरी से शुरू हुए कोविड–19 टीकाकरण अभियान के तहत अब तक 3 लाख 81 हजार से ज्यादा लोगों को कोरोना वायरस की वैक्सीन लगाई जा चुकी है. स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि देश में अब तक कुल 3 लाख 81 हजार 305 लोगों को कोरोना वायरस का टीका लगाया जा चुका है. इनमें से 1 लाख 48 हजार 266 लोगों को सोमवार को शाम पांच बजे तक टीका लगाया गया. स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कोविड–19 वैक्सीन दिए जाने के बाद उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में दो लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं। मंत्रालय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रहने वाले व्यक्ति की मौत टीकाकरण से नहीं हुई है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है. वहीं कर्नाटक के रहने वाले व्यक्ति का पोस्टमार्टम आज किया जाएगा. मंत्रालय की ओर से बताया गया कि उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले व्यक्ति को 16 जनवरी को टीका लगाया गया था और उसकी मृत्यु 17 जनवरी को हुई. तीन डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में पता चला है कि इस शख्स की मृत्यु हृदय और फेफड़ों से संबंधित रोग के चलते हुई. इसका वैक्सीन से संबंध नहीं है.इसके अलावा कर्नाटक के रहने वाले एक शख्स को 16 जनवरी को टीका लगाया गया था और इस शख्स की मृत्यु 18 जनवरी को हुई। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से बताया गया कि देश में अब तक टीकाकरण के बाद प्रतिकूल घटनाओं के 580 मामले सामने आए हैं जिसमें से 7 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## चीन की एक और गंदी चाल अरुणाचल में बसाया गांव, सैटेलाइट इमेज से हुआ खुलासा!




प्रखर एजेंसी। चीन ने अरुणाचल प्रदेश में एक नए गांव का निर्माण किया है, जिसमें लगभग 101 घर हैं। 1 नवंबर, 2020 को उपग्रह से ली गई तस्वीरों में यह खुलासा हुआ है। इसके साथ ही कई विशेषज्ञों द्वारा विश्लेषण के बाद इस बारे में पुष्टि की गई है कि निर्माण वास्तविक सीमा के भारतीय क्षेत्र के भीतर लगभग 4.5 किलोमीटर बनाया गया है, जोकि भारत के लिए बहुत बड़ी चिंता का विषय होगा। त्सारी नदी के तट पर स्थित गांव, ऊपरी सुबनसिरी जिले में स्थित है। यह एक ऐसा क्षेत्र है, जो भारत और चीन द्वारा लंबे समय से विवादित है और यहां पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच संघर्ष भी हो चुका है। इसका निर्माण हिमालय की पूर्वी सीमा में किया गया है, क्योंकि भारतीय और चीनी सैनिकों ने लद्दाख के पश्चिमी हिमालय में हजारों किलोमीटर दूर दशकों में सबसे घातक झड़प में एक–दूसरे का सामना किया है। पिछले साल जून में गलवान घाटी में झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे। गांव की स्थापना करने वाली नवीनतम छवि 1 नवंबर, 2020 की है। 26 अगस्त, 2019 को ली गई एक दूसरी तस्वीर में कोई निर्माण गतिविधि नहीं दिखाती है। इसलिए, गांव की स्थापना पिछले वर्ष में की गई थी। अगस्त, 2020 में इस क्षेत्र का कोई गांव नहीं, लेकिन नवंबर 2020 तक, पूरे गांव में 101 घर दिखाई देते हैं। सरकार का कहना है कि वह सीमा अवसंरचना में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी सरकार ने भी सड़क, पुलों आदि के निर्माण सहित सीमा अवसंरचना को आगे बढ़ाया है, जिसने सीमा के साथ स्थानीय आबादी को बहुत आवश्यक कनेक्टिविटी प्रदान की है। पिछले साल अक्टूबर में चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, ष्कुछ समय के लिए भारतीय पक्ष सीमा के साथ बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी ला रहा है और सैन्य तैनाती को आगे बढ़ा रहा है जो दोनों पक्षों के बीच तनाव का मूल कारण है। हालांकि नए चीनी गांव के आसपास के क्षेत्र में भारतीय सड़क या बुनियादी ढांचे के विकास के कोई संकेत नहीं हैं। नवंबर 2020 में, जब यह उपग्रह चित्र लिया गया था, अरुणाचल प्रदेश के भाजपा सांसद तपीर गाओ ने ऊपरी सुबनसिरी जिले का जिक्र करते हुए अपने राज्य में चीन की मौजूदगी को लेकर चेतावनी दी थी। आज सुबह, उन्होंने एक मीडिया चौनल को बताया कि यहां एक नई डबल–लेन सड़क का निर्माण किया गया है। यदि आप नदी के किनारे के मार्ग का अनुसरण करते हैं, तो चीन ने ऊपरी सुबनसिरी जिले के अंदर 60–70 किलोमीटर से अधिक तक प्रवेश किया है। वे स्थानीय रूप से लैंसी नदी के साथ एक सड़क का निर्माण कर रहे हैं, क्योंकि यह सुबनसिरी नदी की दिशा में बहती है। विदेश मंत्रालय ने इस सवाल का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया कि क्या बीजिंग के साथ गांव का निर्माण कूटनीतिक रूप से किया गया है। उन्होंने कहा, श्सरकार भारत की सुरक्षा पर असर डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखती है और अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करती है। छवियां यह भी बताती हैं कि गांव मैकमोहन रेखा के दक्षिण में स्थित है, जो तिब्बत और भारत के पूर्वोत्तर के बीच का सीमांकन है। नई दिल्ली का मानना है कि इस क्षेत्र में भारत और चीन के बीच सीमा है। यह रेखा बीजिंग द्वारा विवादित है। भारत–चीन संबंधों के विशेषज्ञ क्लाउड अर्पि के अनुसार, श्गांव मैकमोहन रेखा, के दक्षिण में है और वास्तविक नियंत्रण रेखा की भारतीय धारणा है। यह ऐतिहासिक रूप से एक विवादित क्षेत्र रहा है। नए गांव का निर्माण एक असाधारण रूप से गंभीर मुद्दा है, क्योंकि सीमा के अन्य कई निहितार्थ हैं। इस गांव का निर्माण भारत के साथ किए गए कई समझौतों के एक प्रमुख हिस्से का उल्लंघन प्रतीत होता है। त्सारी चू नदी घाटी का भारत और चीन के बीच 1959 में संघर्ष का इतिहास रहा है। उस समय दिल्ली द्वारा बीजिंग भेजे गए विरोध प्रदर्शन का एक औपचारिक नोट कहता है कि चीनी सैनिकों ने एक भारतीय फॉरवर्ड पोस्ट पर बिना किसी सूचना के गोलीबारी की।

## कृषि कानून से किसानों का छिन जाएगा मालिकाना हक – अजय कुमार लल्लू



**देश का अन्नदाता किसान भष्ट्र सरकार से दुखी**

**करंजाकला के गिरधरपुर में आयोजित हुआ संगठन सृजन सम्मेलन**

प्रखर जौनपुर। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने गिरधरपुर में आयोजित संगठन सृजन व किसान सम्मेलन मे संबोधित करते हुए कहा कि नए कृषि कानून से किसानों का मालिकाना हक छिन जाएगा और इस कानून से पूजीपतियों को लाभ पहुचाने का काम किया जा रहा है। किसानों को फसलों के पैदावार का उचित दाम नहीं मिलेगा। देश का अन्नदाता किसान इस सरकार से काफी बेहद दुखी है ।अत्याचारी सरकार किसानों की आवाज दबाने में जुटी है । उन्होंने कहा कि देश का गांव खेत खलियान अन्नदाता मजबूत होगा तभी देश मजबूत होगा। कृषि आंदोलन में काले कानून को लेकर 123 किसान शहादत दे चुके हैं, लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं है। वह किसानों को बर्बाद करने पर तुली है। इस किसान कानून का विरोध जारी रहेगा चाहे जितनी बार हम को जेल जाना पड़े। कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के लिए प्रियंका गांधी ने जोर दिया है। गांव से संगठन को मजबूत करे। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने कहा कि 8123 ग्राम पंचायत में संगठन का गठन करिए और उस प्रक्रिया के तहत संगठन को मजबूत करिए। पूर्व विधायक नदीम जावेद ने कहा कि आज चाहे किसान हो या नेता हो, सामाजिक कार्यकर्ता हो जो भी वर्तमान सरकार के खिलाफ बोलता है वह जेल जाना होता है। एआईएमआईएम के चीफ अवसुद्दीन ओवैसी तेलंगाना में महक 11 सीटों पर चुनाव लडते है। यह भाजपा के डमी पार्टी के रूम में लगे है। भाजपा को फायदा पहुंचाने के लिए विभिन्न प्रदेशों में लड़ते है। उन्होंने कहा कि मायावती कभी भाजपा के खिलाफ नहीं बोलती है ।अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला अध्यक्ष लालजी चौहान ने कहा कि किसान जब भूखे मर रहे थे ,इंदिरा गांधी ने उन्हें उबारा था, किसानों ने देश को आत्मनिर्भर बनाया। आज किसानों के साथ ही अत्याचार किया जा रहा है। अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने में कांग्रेस व किसानों की प्रमुख भूमिका थी ।तब आरएसएस और भाजपा का कोई अता पता तक नहीं था। आज यह पूजी पतियों की सरकार हो गई है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता देवब्रत मिश्रा,जिलाध्यक्ष फैसल हसन तबरेज,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र निषाद, राकेश मिश्रा, इंद्रमणि दुबे , दयाराम यादव, मंगला गुरु,अनिल अस्थाना, सौरभ शुक्ला, महमूद अंसारी ,चंद्रकेश प्रजापति, जियालाल यादव, राकेश विश्वकर्मा, बंसीधर शर्मा,श्रेया यादव,जित्तुलाल यादव मौजूद रहे। संचालन युवा नेता सत्यवीर सिंह ने किया।

## पुलिस व एसएसबी की टीम ने 20 लाख रुपए की चरस के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार



प्रखार पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने व तस्करी की रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री प्रदीप गुप्ता के निर्देशन में दिनांक 16.01.2021 को उ0नि0 यशवंत किष्णेंद्र चौधरी मय हमराह कर्म0गण के साथ देखभाल क्षेत्र व जांच प्रार्थना पत्र ग्राम शेष फरेन्दी में मामूर थे कि जरिए मुखबिर खास से सूचना मिली की एक व्यक्ति नेपाल की ओर से नशीला पदार्थ लेकर भारत की ओर फरेन्दी तिवारी के निकट से होकर सोनौली जाने वाला है मुखबीर की इस सूचना पर मुखबीर को साथ लेकर ग्राम फरेन्दी तिवारी पहुंचे जहां एसएसबी 66 वी वाहिनी डी कम्पनी सोनौली के एसआई जगत डिहिगिया मय हमराह कर्म0गण के साथ मिले, हमलोग आपस में विचार विमर्श कर रहे थे कि कुछ देर बाद एक व्यक्ति नेपाल की तरफ से भारतीय सीमा मे प्रवेश करते हुए दिखायी दिया, जिसकी तरफ मुखबीर ने इशारा करके बताया की यह वही व्यक्ति है और वहाँ से चला गया । पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा घेरघार कर समय करीब 17.50 बजे शाम को पकड़ लिया गया नाम व पता पूछने पर अपना नाम संगद पुत्र शंभू भारती निवासी श्यामकाट थाना सोनौली जनपद महराजगंज बताया तथा जामा तलाशी लेने पर उसके कब्जे से नाजायज 500 ग्राम चरस (मादक पदार्थ) बरामद हुआ । अभियुक्त का यह कार्य दण्डनीय अपराध है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना सोनौली पर मु0अ0सं0–14/2021, धारा–8/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर, अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## धोखाधड़ी का आरोपी सूरत शहर से फरार




**जौनपुर के बरसठी क्षेत्र का है आरोपी**

प्रखर जौनपुर। जानकारी के अनुसार सूरत शहर के गोड़ादरा पटेल नगर निवासी अशोक तिवारी द्वारा धोखाधड़ी के मामले में गोड़ादरा पुलिस स्टेशन में फरियाद किये जाने की जानकारी मिली है इस जिसमें हरिओम मौर्या पुत्र राधेश्याम मौर्या निवासी बिल्डिंग नंबर 2 रूम नंबर ६ सुमन सृष्टि रेसीडेसी गोडादरा सूरत व मूल निवासी, ग्राम पपरावन थाना बरसठी तहसील मड़ियाहूं जौनपुर का हरिओम मौर्य अपनी बीवी सुभावती मौर्या के साथ अशोक तिवारी के रूम में भाड़े से रहता था ।अशोक राम किशोर तिवारी निवासी पटेल नगर गोडादरा घर का हफ्ता भरने के लिए हरिओम मौर्या को तीन लाख रुपए दिया था, इस मामले में पीड़ित में न्यायालय में मुकदमा भी किया है , परंतु आरोपी सूरत से पलायन कर गया है और स्थानीय प्रशासन की गिरफ्त में नही आ रहा है जिस कारण कोर्ट का कई बार समन निकालने के बावजूद गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है।

# रक्षा में आत्मनिर्भरता

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक ही उम्मीद जताई है कि तेजस कार्यक्रम भारत के एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का पूरा इकोसिस्टम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वायुसेना के लिए 83 हल्के लड़ाकू विमान तेजस की खरीद को सरकार द्वारा दी गई मंजूरी मौजूदा हालात में कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। देश के अंदर निर्मित तेजस विमान खरीदने का यह 48,000 करोड़ रुपये का सौदा घरेलू रक्षा उद्योग के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। देश के अंदर रक्षा खरीद का यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक ही उम्मीद जताई है कि तेजस कार्यक्रम भारत के एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का पूरा इकोसिस्टम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वायुसेना के लिए 83 हल्के लड़ाकू विमान तेजस की खरीद को सरकार द्वारा दी गई मंजूरी मौजूदा हालात में कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। देश के अंदर निर्मित तेजस विमान खरीदने का यह 48,000 करोड़ रुपये का सौदा घरेलू रक्षा उद्योग के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। देश के अंदर रक्षा खरीद का यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक ही उम्मीद जताई है कि तेजस कार्यक्रम भारत के एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का पूरा इकोसिस्टम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वायुसेना के लिए 83 हल्के लड़ाकू विमान तेजस की खरीद को सरकार द्वारा दी गई मंजूरी मौजूदा हालात में कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। देश के अंदर निर्मित तेजस विमान खरीदने का यह 48,000 करोड़ रुपये का सौदा घरेलू रक्षा उद्योग के लिए संजीवनी साबित हो सकता है। देश के अंदर रक्षा खरीद का यह अब तक का सबसे बड़ा सौदा है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ठीक ही उम्मीद जताई है कि तेजस कार्यक्रम भारत के एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग का पूरा इकोसिस्टम बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। ध्यान रहे कि इस ऑर्डर को पूरा करने के क्रम में डिजाइनिंग और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी देश की करीब 500 छोटी–बड़ी कंपनियां हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (हाल) के साथ मिलकर काम करेंगी। स्वाभाविक रूप से यह फैसला इन क्षेत्रों को नए जोश से भर सकता है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ने में भी इससे मदद मिलेगी। हालांकि इस विमान को बनाने में हमारी प्रगति कितनी धीमी रही है, इसका अंदाजा इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि देश के अंदर लड़ाकू विमान बनाने का यह प्रॉजेक्ट 50 साल से ज्यादा पुराना है। पहली बार 1969 में सरकार ने एयरोनॉटिक्स कमिटी की यह सिफारिश मंजूर की थी कि 'हाल' को देश में ही लड़ाकू विमान बनाने चाहिए। इसके बाद अलग–अलग कारणों और प्राथमिकताओं के चलते इस प्रॉजेक्ट पर काम चींटी जैसी रफ्तार से ही आगे बढ़ा। अस्सी के दशक में जब वायु सेना को यह महसूस हुआ कि मिग–21 पुराने पड़ते जा रहे हैं और इनकी जगह भारतीय लड़ाकू विमानों की जरूरत उसे पड़ने वाली है, तब जरूर तेजस प्रॉजेक्ट में कुछ तेजी आई। खास बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों में सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को लेकर सचमुच गंभीर हुई है और उसने कई ऐसे फैसले किए हैं जिनसे इस दिशा में आगे बढना आसान हुआ है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल मई में देश के अंदर बने मिलिट्री हार्डवेयर की खरीद के लिए अलग से बजट प्रावधान करने की घोषणा की थी। रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा भी 49 फीसदी से बढ़ाकर 74 फीसदी कर दी गई थी। इसके अलावा ऐसे हथियारों की सालाना सूची जारी की गई जिनका आयात नहीं किया जाएगा। इन कदमों की अहमियत इस बात से समझी जा सकती है कि सरकार ने साल 2025 तक डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र का टर्नओवर 1.75 लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा है। जाहिर है, रक्षा में आत्मनिर्भरता के संकल्प से रोजगार बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को गति देने का दोहरा उद्देश्य पूरा हो सकता है। मगर सबसे बड़ी बात यह कि दोतरफा सीमा तनाव के मौजूदा माहौल ने राष्ट्र की सुरक्षा को लेकर जो अतिरिक्त चिंताएं पैदा की हैं, उनका सबसे अच्छा जवाब सैन्य जरूरतों के मामले में अधिक से अधिक आत्मनिर्भरता से ही दिया जा सकता है।

**मो. राशिद जलाल खाँ**
**एम. टेक पालिमर साइंस इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी सिपेट आईपीटी लखनऊ**



## कोरोना ने की चीन की हालत खराब, आइसक्रीम, शहद और चीनी तक से फैल रहा है वायरस

प्रखर एजेंसी। चीन बार बार दावा कर रहा है कि उसने कोरोना पर पूरी तरह नियंत्रण कर लिया है। चीन दुनिया को कह रहा है कि कोरोना से निपटने के लिए दुनिया उससे वैक्सीन खरीदे, लेकिन सच्चाई ये है कि चीन ने कोरोना को लेकर एक बार फिर सफेद झूठ बोला है। चीन में हालात इतने खराब हैं कि अब इंसान से इंसान में फैलने वाला कोरोना आइसक्रीम, शहद और चीनी तक से फैल रहा है। वैज्ञानिकों ने अब तक कोरोना के वायरस कोविड 19 के 4 स्ट्रेन खोजे हैं, लेकिन अब चीन में कोरोना के नए वायरस मिल रहे हैं। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक कोरोना वायरस को लेकर कई शोध सामने आए, जिनमें हर बार अलग ही वायरस का प्रकार सामने आता रहा है। ये नए स्ट्रेन लगातार लोगों को डराते रहे हैं, लेकिन अब खाने की सामान में भी वायरस मिलना दुनिया के लिए खौफनाक साबित हो सकता है। चीन की राजधानी बीजिंग से सटे हुए तियानजिन शहर में आइसक्रीम में छुपे कोरोना वायरस का पता चला है। आइसक्रीम के तीन सैंपलों में कोरोना वायरस पॉजिटिव होने की पुष्टि हुई है। आइसक्रीम में कोरोना संक्रमण की बात सामने आने के बाद प्रशासन अलर्ट हो गया है और अब उन लोगों की तलाश की जा रही, जिनमें संक्रमण का खतरा है। मामला सामने आने के बाद चीन के आम लोगों से लेकर सरकार तक में हड़कंप मच गया। मामला चीन की राजधानी बीजिंग के पास का है। इसलिए जिनपिंग की कम्युनिस्ट सरकार ज्यादा परेशान है। आइसक्रीम जैसी ठंडी चीज में भी कोरोना का जिंदा वायरस मिलने के बाद तुरंत एक्शन हुआ। चीनी सरकार ने पूरे इलाके में हर तरह की आइसक्रीम बेचने पर रोक लगा दी है। जिस दाकियाओदाओ फूड कंपनी की आइसक्रीम में कोरोना वायर की पुष्टि हुई है, उस कंपनी को भी सील कर दिया गया है1 जिस तरह बर्ड फ्लू की घटनाएं आने के बाद पूरी दुनिया में चिकिन और दूसरे पक्षियों को मारा जा रहा है, उसी तरह चीन में कंटेनर के कंटेनर आइसक्रीम को नष्ट किया जा रहा है। पूरे चीन में आइसक्रीम के पुराने और नए स्टॉक की जांच की जा रही है। वुहान में कीड़ों और चमगादड़ों के बाजार से फैला कोरोना पूरी दुनिया पर कहर बनकर टूटा है। अब तक चमगादड़ से इंसानों तक और फिर इंसानों से इंसानों तक कोरोना फैल रहा था, लेकिन अब तो मेड इन चाइना सामान भी कोरोना फैला रहे हैं।

## समर जो बंगाल !

जाग उठी है इच्छा ।
ठोकें हम भी ताल ।।
लेना भाग जरूरी ।
समर जो बंगाल ।।
वोटकटवा या भागीदार ।
अभी भविष्य के गर्भ ।।
जनता की पर है नजर ।
हवा जिस संदर्भ ।।
कोई है गंभीर ।
कोई शामिल भीड़ ।।
पर सबको अंदाजा ।
अपनी–अपनी रीढ़ ।।
कसना यूं कमर ।
ना बच्चों का खेल ।।
छांट रहे प्रत्याशी ।
देंगे अब ढ़केल ।।

**कृष्णेन्द्र राय**



# शिक्षक हितों के सजग प्रहरी ओमप्रकाश शर्मा को दी श्रद्धांजलि




प्रखर मुहम्मदाबाद। अष्ट शहीद इंटर कॉलेज के प्रांगण में शिक्षक राजनीति के शिखर – पुरुष शिक्षक हितों के सजग प्रहरी, जीवन संग्राम के अपराजेय योद्धा, उपलब्धियों के महानायक, पूर्व विधान परिषद सभापति व वयोवृद्ध सदस्य विधान परिषद शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा के असमय काल कवलित होने पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के शिक्षक, शिक्षार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने श्री शर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर गिरी, ओमप्रकाश राय, प्रदेश संघर्ष समिति के चौधरी दिनेश चन्द्र राय, डॉ संजय कुमार राय, लक्ष्मण प्रसाद केसरी, केशव चंद्र मद्धेशिया, सत्येन्द्र कुमार सिंह, संजय श्रीवास्तव, प्रवीण राय, अजीत कुमार पांडेय, संतोष सिंह यादव, रविन्द्र नाथ तिवारी, चंदन गुप्ता, वीरेंद्र राय, हरेराम पांडेय, अंकित पाठक, शशिकांत श्रीवास्तव, रमाशंकर प्रजापति आदि ने पुण्य– स्मृतियों को संजोते हुए अपने अपने उद्गार व्यक्त किए। भांवरकोल। शहीद संस्मरण इंटर कालेज शेरपुर में सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष और लाखों लाख शिक्षकों के हृदय की धड़कन ओम प्रकाश शर्मा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। शोक सभा में शिक्षकों ने श्री शर्मा के व्यक्तित्व, कृत्तिव पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न सम्बन्धित संस्मरण व्यक्त किया। अन्त में दो मिनट मौन धारण कर आत्मा की सद्गति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी।शोक सभा में प्रधानाचार्य डा. राकेश श्रीवास्तव, नारायण उपाध्याय, निरहु राम, अमित कुमार, अनिल दुबे, चन्दन भारती, बिजेंद्र प्रताप, अशोक , तन्सुराय, सुनील, संजय आदि उपस्थित रहे।

# वॉट्सएप हुआ हाईपर ,कमजोर पड़ी पॉलिसी !

सोशल मीडिया, सोशल प्लेटफॉर्म ,वॉट्सएप और फेसबुक ने लोगो के दिमाग को बिल्कुल खराब कर दिया है । आजकल हर एक गली का लुच्चा जिसे कल तक लोग गरियाते थे वो इन सोशल मीडिया के उपयोग से बड़का वाला नेता बना घूम रहा । ऐसे लोगो के फेसबुक वाल चेक करने पर हंसी और तरस दोनों आता है । एक बहुत छटे बदमाश टाईप लड़के का फेसबुक देख रहा था उसने अपनी वाल पर एक सांसद के साथ सेल्फी डाली थी और नीचे लिखा था ,नेता जी के सानिध्य में जनसेवा । हद तो तब होती है जब ऐसे टुच्चे किसी के घर जाते है और फोटो निकाल कर फेसबुक पर लगा देंगे की जनसंपर्क करते हुए । अभी तो क्रिकेट टूर्नामेंटों अर्थात गांव के आई पी एल का समय चल रहा और ये लोकल टुच्चे उन टूर्नामेंटों में बतौर मुख्य अतिथि भी बुलाए जा रहे ,कभी फीता काटते हुए तो कभी बल्ले घुमाते सेल्फी । हद है इस सोशल मीडिया की जिसने इन्हे ये यकीन दिलाया है कि ये सब करके ये भारत के प्रधानमंत्री बन जाएंगे । वॉट्सएप कि नई पॉलिसी जिसमे ये कहा जा रहा कि यह अब सुरक्षित नहीं रहेगा । मतलब वॉट्सएप अब आपकी निजता को फेसबुक पर शेयर कर देगा अथवा अपने कम्पनी के शेयर होल्डर के साथ साझा कर देगा । इन सब बातो से महिलाओं की सेहत पर कोई असर नहीं हुआ किन्तु पुरुष जागरूक हो रहे और छटपटा रहे । अभी एक महिला से उस मुद्दे पर जब चर्चा हुई तो उसने बताया कि वॉट्सएप तो भगवान है । ये जब से जीवन में आया है, हमने बहुत कुछ सीख लिया । एक व्रत कथा भी बताई जिसके अनुसार,एक सुंदर शहर था। वहाँ एक सुंदर स्त्री रहती थी ,वह घरेलू परेशानियों से तंग और बच्चों की शिक्षा को लेकर बहुत परेशान रहती थी परंतु कड़ी मेहनत करती थी । जिम्मेदारी का बोझ, अकेलेपन से बीमार पड़ गई थी।बीपी, शुगर ने शरीर में धर कर लिया था और हंसी, खुशी, आनंद सब गायब हो गया था।फिर एक दिन एक सहेली ने उसे स्मार्टफोन उपहार में दिया।उसने व्हाट्सएप से दोस्तों के साथ संवाद करना शुरू कर दिया। कुछ ही दिनों में उसकी सारी रिपोर्ट सामान्य आ गई।बैठे बैठे बी.पी. शक्कर सब नार्मल होने लगी ,वह आनंद से व्हाट्सएप व्रत की सफलता की कहानी सबको बताने लगी। उसकी एक सहेली थी, उसने कहा मुझे भी बताओ, यह व्रत कैसे किया जाता है और इसके करने से क्या फल मिलता है। मैं भी यह व्रत करूंगी। महिला ने कहा, हर सुबह उठने के साथ इस भगवान के दर्शन कर जीएम (गुड मॉर्निंग), जीएन (गुड नाईट ) का समय–समय पर जाप करना चाहिए। समय समय पर भगवान के दर्शन कर मन को शुद्ध करें। एक ग्रुप के व्हाट्सएप मैसेज को पूरी भक्ति भावना से दूसरे ग्रुप में अर्पण करें। गुस्सा नहीं करें, रुठें नहीं और अपना ग्रुप छोड़ें नहीं। उस स्त्री ने पूरे भक्ति भाव से यह व्रत किया और उसे 4 महीने में ही आश्चर्यजनक रुप से फल मिला।उसकी दूसरी सहेली ने इस कथा का अपमान किया व मोबाइल फैंक दिया। उस पर मुसिबतों का पहाड़ टूट पड़ा। उसके बच्चे भी चिड़चिड़े होने लगे व उनका बी पी व शूगर लेवल भी बढ़ने लगा।उस स्त्री को अपनी भूल का एहसास हुआ। उस स्त्री ने मोबाइल देवता से माफी मांगी और कहा हम मूर्ख हैं, अज्ञानी हैं हमें क्षमा कर दें। मोबाइल देवता ने दर्शन दिये व कहा, अपने और अपने बच्चों के एक एक नया मोबाइल जियो इन्टरनेट पैक के साथ दिलवाओ। उस स्त्री ने ऐसा ही किया। उसके घर में खुशियां लौट आईं।इस वर्त को करने से बीपी, शुगर को कम किया जा सकता है और आप इसे रोका भी जा सकता हैं,आपको भी यह व्रत भी रखना चाहिए, इसे ड्यूटी टाईम में भी किया जा सकता है।हो सकता है कि भगवान आपको भी उन दोनों स्त्रियों की तरह फल दे। जैसा फल उन दोनों स्त्रियों को मिला वैसा आपको भी मिले, सभी भाइयों और बहनों को यह व्रत करना चाहिए।

**पंकज कुमार मिश्रा**

# भारतीय वैक्सीन के टीकाकरण पर राजनीति ! यह राष्ट्रीय हितों पर चोट है

सन 2020 की सबसे बड़ी त्रासदी यह रही है कि कोरोना ने इसे एक ऐसे साल में बदल दिया जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। एक अदना से वायरस ने पूरी दुनिया को एकाएक पंगु बना दिया। जिंदगी को उलट–पुलट कर डाला। देश दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं बदहाल हो गईं। हमारी दुनिया में आमूलचूल बदलाव लाने वाली विपत्ति के रूप में यह प्रकट हुआ है और इसका असर अभी आगे भी रहेगा। हालांकि वैक्सीन के आ जाने से कुछ राहत जरूर मिलेगी लेकिन हम सबको अभी मुंह बांधने से छुटकारा नहीं मिलेगा। पर अच्छी बात यह है कि भारत ने भी चुनौतियों को अवसर में बदलने की कला सीख ली है। एक साल के ही भीतर कोरोना की दो दो वैक्सीनें विकसित करना कोई मामूली बात नहीं है। लेकिन चिंता की बात यह है कि जिस वैक्सीन की डब्ल्यूएचओ ने भी तारीफ की है और दुनिया के कई देश वैक्सीन पाने की कतार में खड़े हैं, उस पर हमारे ही देश के कुछ नेता सवाल खड़े कर रहे हैं। यह राष्ट्रीय हितों पर चोट है। देश में दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत के साथ ही इस पर सियासत भी शुरू हो गई है। कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि फेज–3 के ट्रायल के बिना ही वैक्सीन को इमरजेंसी अप्रूवल दिया गया। अगर वैक्सीन इतनी ही भरोसेमंद है, तो सरकार से जुड़े लोग इसका डोज क्यों नहीं लगवा रहे? कांग्रेस सरकार के हर काम की केवल आलोचना करती पर भारतीय वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मियों की सराहना में एक शब्द तक नहीं कहती ?''उल्टा कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी कह रहे हैं कि दुनिया के हर देश, जहां वैक्सीनेशन शुरू हो चुका है, वहां लीडर्स ने टीका लगवाया। प्रेसिडेंट इलेक्ट जो बाइडेन और वाइस प्रेसिडेंट इलेक्ट कमला हैरिस ने भी वैक्सीन लगवाई। ब्रिटेन में क्वीन एलिजाबेथ और प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भी वैक्सीन लगवाई। ऐसा इसलिए ताकि वे अपने लोगों में वैक्सीन के प्रति भरोसा जगा सकें। फिर हमारे यहां क्यों सरकार ऐसा नहीं कर रही? बेशक अमेरिका व रूस जैसे शक्तिशाली देशों के राष्ट्रपतियों ने पहली कोरोना वैक्सीन स्वयं के लगवा कर आम जनता को प्रेरित करने के साथ निर्भय होने का सन्देश दिया जबकि भारत ने दूसरा रास्ता अपनाते हुए आम जनता को निर्भय किया और सबसे पहले वैक्सीन चिकित्सकों व इससे जुड़े कर्मचारियों को लगाई। इससे आम जनता में निर्भय रहने का सन्देश गया। मगर कुछ आलोचकों का मत है कि जब देश के राष्ट्रपति अयोध्या में राम मन्दिर निर्माण के लिए चन्दा देने में पहल कर सकते हैं तो वैक्सीन लगवाने में भी उन्हें ऐसा ही करके देशवासियों को प्रेरित करना चाहिए था परन्तु इस सांकेतिक पहल का कोई महत्व इसलिए नहीं है क्योंकि वैक्सीन आम जनता को स्वस्थ रखने के लिए बनी है जिससे पूरा देश पुनः नई ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़े। लोगों के स्वास्थ्य का सम्बन्ध देश की अर्थव्यवस्था से बहुत गहरे से जुड़ा हुआ है क्योंकि उनके पुनः क्रियाशील हुए बिना रसातल में जाती अर्थव्यवस्था में सुधार नहीं लाया जा सकता है। इसके साथ ही वैक्सीन सामाजिक व्यवस्था में आये अलगाव को भी भरने में अहम भूमिका निभायेगी। अतः वैक्सीन की विश्वसनीयता को लेकर जिस राजनीतिक युद्ध को हवा दी जा रही है वह देश की आर्थिक–सामाजिक स्थिति को सुधारने में भी अवरोध का काम कर सकता है। असली मुद्दा यह है कि वैक्सीन दवाई है न कि कोई सौगात जिसे 'पहले आप– पहले आप' कह कर कोई अपनी सहृदयता या शाइस्तगी दिखाये। इसे सबसे पहले उसे दिया जाना चाहिए जिसे इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है और इस क्रम में चिकित्सक व उनसे जुड़े लोग और कर्मचारी सबसे पहले आते हैं और लोगों की सुरक्षा देखने वाले लोग भी इसी श्रेणी में आते हैं जैसे सफाई कर्मचारी व पुलिस कर्मी और सुरक्षा बलों के सैनिक आदि। अतः भारत जैसी घनी आबादी वाले देश में हमें सबसे पहले उन्हीं लोगों को निर्भय करना होगा जो कोरोना काल में दूसरे लोगों की सुरक्षा और देखभाल करने की जिम्मेदारी उठाते रहे हैं। इन लोगों ने अपनी जान की परवाह किये बगैर दूसरे देशवासियों को सुरक्षित रखने में रात–दिन एक किया है और अपने परिवारों की भी परवाह नहीं की है। अतः देशवासियों का भी फर्ज बनता है कि अब वे उनका ख्याल सबसे पहले रखें। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत लाइलाज व संक्रमण की बीमारियों को भगाने में पूरे विश्व में रिकार्ड कायम करता रहा है। चाहे वह साठ के दशक में शुरू किया गया मलेरिया उन्मूलन अभियान हो या चेचक रहित समाज मुहीम हो या पोलियो मुक्त अभियान, सभी को हमारे चिकित्सा जगत के लोगों ने सफलतापूर्वक चलाया है और हर अभियान का परिणाम उत्साहवर्धक ही रहा है। अतः कोरोना वैक्सीन अभियान के दौरान पहले आप–पहले आप कह कर हम अपने चिकित्सा व स्वास्थ्य तन्त्र को ही कमतर कर रहे हैं, जबकि भारत में बनी वैक्सीन दुनिया के विकसित माने जाने वाले देशों में बनी वैक्सीनों के मुकाबले किसी भी दर्जे पर कमतर नहीं है और भारत से अन्य देशों को इनके निर्यात की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। ब्राजील, मोरक्को, म्यांमार, बांग्लादेश, सऊदी अरब और दक्षिण अफ्रीका ने कोरोना वैक्सीन के लिए भारत को बयाना पकड़ा दिया है द्यभारत के दरवाजे पर कोरोना वैक्सीन के लिए इस लम्बी लाइन को देख जर्मनी को चक्कर आ गए हैं द्यर्मनी की चांसलर एंजेला मार्केल ने एक विशेष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएम मोदी को अपनी चिंता से अवगत कराया द्यजर्मनी का कहना है भारत की अपनी लोकल डिमांड ही भीमकाय हैद्य तिस पर उसके दरवाजे पर अन्य देशों की लाइन लग गई है. ऐसे में हमारा और अन्य यूरोपियन देशों का नंबर कब आएगाद्यजर्मनी ने भारत से कहा है वो लोकल के साथ ग्लोबल मांग को भी सुनिश्चित करे. पीएम मोदी ने इसके लिए जर्मनी को आश्वस्त भी किया है द्य अतः प्रत्येक भारतवासी को किसी भी अफवाह पर कोई ध्यान नहीं देना चाहिए और अपने देश . सरकार, वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य कर्मियों पर गर्व करना चाहिए ।

**अशोक भाटिया**
**स्वतंत्र पत्रकार**

# पूर्व राज्यमंत्री एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा नानकदीन भुर्जी वाराणसी के तीन दिवसीय दौरे पर



प्रखर वाराणसी। पूर्व राज्यमंत्री उ0प्र0 सरकार,प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा भाजपा,सदस्य प्रदेश कार्य समिति,राष्ट्रीय अध्यक्ष भुर्जी महासभा नानकदिन भुर्जी वाराणसी के तीन दिवसीय दौरे पर है। मंडुआडीह थानांतर्गत कंदवा मे ह्यूमनराइट्स मिशन के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पंचायत चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिए भुर्जी महासभा प्रतिबद्ध है इसलिए वह भुर्जी महासभा को एकजुट करने और जोश भरकर पंचायत चुनाव में भाजपा को मजबूत करने के लिए और शनि उपासक स्वामी कन्हैया महाराज के विशेष आवाह्न पर वाराणसी के तीन दिवसीय दौरे पर है।भुर्जी महासभा द्वारा प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों की विशेष समीक्षा बैठक हलवासिया हाल हजरतगंज लखनऊ में आयोजित की गई है ताकि आने वाले पंचायत चुनाव की रड़नीति बनाई जा सके और उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों को जन–जन तक पहुँचाया जा सके। उन्होंने कृषि बोल पर केंद्र सरकार का समर्थन करते हुए कहा कि कृषि बिल पूरी तरह किसानों के हित में है उनको इससे सीधे–सीधे लाभ मिलेगा बिचौलिओ की इसमें कोई भूमिका नही रहेगी। साथ मे उन्होंने राज्य की कानून व्यवस्था पर कहा कि योगी सरकार की वजह से अपराधी या तो जेल में है या प्रदेश के बाहर भाग रहे है।

# भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखंड सिंह ने मंदिर निर्माण में दिया दो लाख का सहयोग



प्रखर दानगंज वाराणसी। श्री राम मंदिर निर्माण में तरांव ग्राम निवासी भाजपा जिलाउपाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिह अखंड ने दो लाख रूपये का चेक मंदिर निर्माण में सहयोग हेतु दिया।

**व्यवसायी ने मंदिर निर्माण मे दिया एक लाख**

श्री राम जन्मभूमि मंदिर के भव्य निर्माण में समर्पण निधि संग्रह के क्रम मे रविवार को चोलापुर क्षेत्र के व्यवसायी संतोष सिंह ने मंदिर निर्माण मे अपनी मां के हाथों एक लाख रूपये का सहयोग दिया। संतोष सिंह ने अपनी माता जी के हाथो समर्पण राशि काशी जिला के जिला प्रचारक बृजेश जी, काशी जिला के सह जिला कार्यवाह श्रीमान हेमंत जी, हिंदू जागरण मंच प्रदेश अध्यक्ष दिनेश नारायण सिंह व विभाग सह ग्राम विकास प्रमुख (काशी विभाग) शैलेंद्र कुमार को समर्पित किया।

# हाई कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बावजूद दबंगों द्वारा आंवला की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। रामनगर थानाअंतर्गत श्रीमती प्रेमलता देवी जिनकी भूमि सुजाबाद पड़ाव मे स्थित है महिला एक अबला है जिसके पति 2 साल से लापता है और इनके बच्चे भी नहीं है पीड़िता 2 वर्षों से लगातार एसएसपी कार्यालय डीएम कार्यालय और निकटतम चौकी और थाने में अपनी गुहार लगा रही है लेकिन स्थानीय थाने पर भी कोई सुनवाई ना होने पर और अबला महिला को जबरजस्ती थाने में बंद करने की धमकी थाने से दी जा रही है ऐसे में अबला महिला के पास अपनी जीवनी की स्थिति में मात्र ये आधा विश्वा का जमीन ही है जो इसके लिए एक छत्र का काम करेगी लेकिन दबंग छोटे लाल यादव अमरनाथ यादव और किशन यादव ने प्रार्थिनी की जमीन पर कब्जा करने की मंशा बना ली और जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे है।

# वायरल हुआ विशुद्ध पारंपरिक शादी गीत 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगे'



प्रखर मनोरंजन। विवाह के मौसम में गानों का महत्व भी खूब होता है। ऐसे में विजय लक्ष्मी म्यूजिक के बैनर तले बना एक विशुद्ध और पारंपरिक हिंदी विवाह गीत 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगे' का वीडियो यूट्यूब पर जारी हो चुका है, जो अब वायरल हो रहा है। गाने को फेमस सिंगर रवि चोपड़ा ने गाया है। लिरिक्स और म्यूजिक भी रवि चोपड़ा का है। गाने को अब तक 267,878 व्यूज मिल चुके हैं।

लिंक – https://youtu-be/e60Nvk_VZ80

दरअसल यह गाना श्रोताओं के लिए कई मायने में खास है। गाना दिल को छू लेने वाला है और इसका म्यूजिक वीडियो भी बेहद संजीदा है। गाना 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगे' का संगीत इतना मीठा है कि यह हर किसी को मंत्र मुग्धा करता है। रवि चोपड़ा ने इस गाने में शादी को जीवंत बनाने का काम किया है। गाना दूल्हा और दुल्हन को लेकर पूरी तरह से बाइलेंस है। यह गाना पूरी तरह से फैमली गाना है। इसमें डांस भी है और इमोशन भी है। 'दूल्हे का सेहरा सुहाना लगे' के म्यूजिक वीडियो को रंजीत कुमार सिंह ने डायरेक्ट किया है। उन्होंने बताया कि यह गाना मेरे दिल के करीब है। उम्मीद है सबों को बेहद पसंद भी आने वाली है। गाने के एडिटर प्रशांत कुमार सिंह हैं।

# महात्मा गाँधी इण्टर कॉलेज बृजमनगंज में हुई विज्ञान प्रदर्शनी



प्रखर पूर्वांचल बृजमनगंज न्यूज। आज विज्ञान के विना जीवन की कल्पना कर पाना आसान नहीं है, यह न केवल हमारे जीवन को सहज बनाता बल्कि बदलती आवश्यकताओं की पूर्ति भी करने का मार्ग दिखाता है, इसलिए विज्ञान को मात्र पढ़ने के अलावा इसको दैनिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उतारना आवश्यक है, उक्त वक्तव्य प्रधानाचार्य डॉ राम अवतार ने विद्यालय में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में पुरस्कार वितरण के अवसर पर कही। महात्मा गाँधी इण्टर कालेज बृजमनगंज में दिनांक 18 जनवरी 2021 को विज्ञान प्रदर्शनी एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि सेवानिवृत मौसम वैज्ञानिक डॉ शंकर प्रसाद व आजाद प्रजापति (प्रधानाचार्य, रा इ कॉ सहजनवा बाबू) ने प्रदर्शनी द्वार पर फीता काटकर किया। कार्यक्रम में छात्रध्छात्राओं के द्वारा विज्ञान के विभिन्न सिद्धान्तो पर आधारित कार्यरत मॉडल जैसे दूरदर्शी, प्रोजेक्टर, एटीएम मशीन, ऊर्जा संरक्षण, सूक्ष्मदर्शी के साथ–साथ गणित के सिद्धान्तो तक के मॉडल प्रस्तुत कर विज्ञान के प्रति अपने रुझान को प्रकट किया। निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ मॉडलों का चयन किया, जिसमें दशवीं के छात्र देवेन्द्र ने प्रथम, अनिल ने द्वितीय तथा नवीं के छात्र सत्यम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एवं प्रश्नोत्तरी की विजेता टीम कल्पना चावला ग्रुप की छात्राएं संध्याप्रिया, संध्याशीला व निर्मला गुप्ता रहीं। पुरस्कार वितरण के अवसर पर छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण विद्यार्थीयों में अद्भुत प्रतिभा है, जिन्हे उचित मार्गदर्शन मिले तो वो देश व समाज की उन्नति में अपना विशिष्ट योगदान दे सकते हैं। विशिष्ट अथिति ने कहा कि ऐसे आयोजन विज्ञान के अमूर्त एवं जटिल अवधारणाओं को मूर्त रूप में समझने के लिए मंच होते हैं, ये विद्यार्थीयों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा व रोमांच बढ़ाकर प्राकृतिक रहस्यो को समझने में सहायक होते हैं। कार्यक्रम की संयोजक विज्ञान शिक्षिका डॉ विजयश्री मल्ल ने सभी प्रतिभागीयों के लिए अपनी तरफ से डिक्सनरी दिया और कहा विज्ञान शिक्षक के रूप में हमारा दायित्व है कि हम विज्ञान को समाज के प्रत्येक क्षेत्र में प्रयोग कर एक पाखंड व अंधविश्वास मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग करे। अन्य अतिथि, देवदह बौद्ध विकास समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र राव, अध्यापक नागेन्द्र चौरसिया व डॉ विरेन्द्र कुमार ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से छात्रों का उत्साह वर्धन किया। सभी अतिथियों को विद्यालय की तरफ से उपहार स्वरूप डायरी दी गई। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता रामबरन राव ने किया। इसमें गोपाल गुप्ता, अजय मिश्र, परशुराम चौरसिया, नरसिंह चौरसिया, संजय पासवान, संजय सिंह, धर्मात्मा सिंह, शाकुन्त पाण्डेय आदि शिक्षक एवं सैकड़ो छात्रध्छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन चार सूत्री मांगों को लेकर पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। कोविड–19 के कारण मार्च 2020 से ही नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालय बंद चल रहे हैं जिससे विद्यालय परिवार से जुड़े शिक्षक व शिक्षिकाओं व कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति दिन पर दिन खराब होती चली जा रही है कक्षा 8 तक विद्यालय में खुलने से बच्चों के पढ़ाई का काफी नुकसान हो रहा है इसी को लेकर प्राइवेट स्कूल के शिक्षक जिलाधिकारी वाराणसी कार्यालय पर पहुंचे और ज्ञापन दिया और आपको हम बताते चलें कि उनकी निम्न मांगे हैं । कोविड–19 का टीकाकरण शुरू होने के कारण कोविड–19 के मांगों को पालन कराते हुए नर्सरी से आठवीं तक के विद्यालयों को पुनः खोला जाए। कोविड–19 के मानकों का पालन कराते हुए कक्षा 3 से कक्षा 8 तक के छात्र छात्राओं को समस्या समाधान क्लास के लिए अनुमति प्रदान की जाए । विद्यालयों का टैक्स बीमा राशि सहित बिजली बिल व अन्य करों का सरकार भुगतान करें यदि नर्सरी से आठवीं तक का विद्यालय खोला ना संभव ना हो तो विद्यालय को प्रतिष्ठा पर के फीस के अनुसार वार्षिक शुल्क प्रतिपूर्ति राशि दिया जाए इसी मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल के शिक्षक जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और जिलाधिकारी के न मिलने पर एडीएम प्रशासन को ज्ञापन दिया।

# राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करें शिविरार्थी




प्रखर चंदवक, जौनपुर। क्षेत्र के नयनपुर,पतरही में स्थित डीएवी संस्थान में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में शिविरार्थियों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए, एसजीआरपीजी कॉलेज डोभी के सैन्य विज्ञान विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है। राष्ट्र सुरक्षित है तो हम सभी सुरक्षित है।शिविरार्थी राष्ट के प्रति अपने दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें।विशिष्ट अतिथि डॉ.दीपमाला ने सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने पर विशेष बल दिया।कार्यक्रम अधिकारी सर्वजीत कुमार, वेद प्रकाश व रामजनम भारती ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर प्रबंधक अनिल यादव मैनेजमेंट गुरु,संतोष कुमार, अर्चना,सबिता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# प्रदेश संगठन उत्पीड़न को लेकर बेसिक मंत्री से मिलेगा– प्रदेश अध्यक्ष



**शिक्षको का उत्पीड़न बर्दाश्त नही**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुशील कुमार पांडेय ने कहाकि मिशन कायाकल्प के नाम पर प्रधानाध्यापकों और अध्यापको का उत्पीड़न कत्तई नही बर्दाश्त किया जाएगा। प्रदेश नेतृत्व बेसिक मंत्री से मिलकर शिकायत दर्ज कराएगा। उक्त बातें सोमवार को चुनार में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले चल रहे 3 दिवसीय क्वालिटी एजुकेशन डेवलपमेंट प्रोग्राम के समापन पश्चात लखनऊ जाते समय कथौली (पिंडरा) स्थित एक लान में जनपद वाराणसी के शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहाकि प्रदेश के हर जिले में ग्राम पंचायत स्कूलों के मूलभूत सुविधाओं के बहाली के लिए धन खर्च रही है। लेकिन वाराणसी एकमात्र ऐसा जिला है जहाँ के सीडीओ और बीएसए प्रधानध्यापाको से विकास के लिए खर्च करा कर विकास कार्य कराने का दबाव बना रहे हैं। शिक्षको का शोषण कत्तई नही बर्दाश्त किया जाएगा। इस तानाशाही रवैये को लेकर संगठन प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री से मिलकर विरोध दर्ज कराएगा। शिक्षक क्वालिटी एजुकेशन के लिए जिम्मेदार है न कि अपने वेतन से विकास कार्य कराने के लिए नौकरी की है। यह काम ग्राम पंचायत को करनी है।जिसके लिए कोई दबाव नही बनाया जा सकता। प्रदेश अध्यक्ष के साथ प्रदेश मंत्री इसके पूर्व चुनार से पहुचने पर जिलाध्यक्ष सकलदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, सन्तोष सिंह, पिंडरा ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष सेठ, विनोद सिंह, रवि मौर्य, अनिरुद्ध वर्मा समेत अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# कोरोना के बाद सिनेमाघरों के लिए संजीवनी साबित हो रही रजनीश मिश्रा की फिल्म 'दुल्हिन वही जो पिया मन भाये'



प्रखर मनोरंजन। कोरोना काल के बाद हाल ही में रिलीज चर्चित निर्देशक। संगीतकार रजनीश मिश्रा की फिल्म 'दुल्हिन वही जो पिया मन भाये' सिनेमाघरों के लिए संजीवनी साबित हो रही है। यह फिल्म मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को कोविड के नए गाइडलाइंस के साथ रिलीज थी, जिसको पहले दिन बंपर ओपनिंग मिली और तब से यह फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। आपको बता दें कि इससे पहले भी जब नोट बंदी के बाद देश के उद्योग दृ धंधे काफी प्रभावित हो रहे थे, तब रजनीश मिश्रा ने सुपर स्टार खेसारीलाल यादव को लेकर फिल्म 'मेंहदी लगा के रखना' बनाई थी, जिसने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर सफलता का कीर्तिमान स्थापित किया, बल्कि भोजपुरी इंडस्ट्री में कंटेंट बेस्ड सिनेमा का मार्ग भी प्रशस्त किया। अब एक बार फिर जब पूरा विश्व कोरोना महामारी की वजह से लगभग साल भर बंद रहा। उद्योग दृ धंधे चौपट रहे। सिनेमाघरों में ताले लग गए। सबकुछ लॉकडाउन हो गया और स्थिति संभलने के बाद जब अनलॉक हुआ, तब किसी ने सोचा नहीं होगा कि सिनेमाघरों में रौनक पहले की तरह इतनी जल्दी आयेगी। लेकिन रजनीश मिश्रा दर्शकों को सिनेमाघरों की ओर खींचने में कामयाब हुआ। उनकी फिल्में फैमली बेस्ड ऑडियंस के बीच खूब पसंद की जाती है। अल्टरनेट सिटिंग के बावजूद रजनीश की फिल्म 'दुल्हिन वही जो पिया मन भाये' को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक सिनेमाघरों की ओर रूख कर रहे हैं। बिहार, गुजरात समेत देश के कई राज्यों में रजनीश मिश्रा की फिल्म 'दुल्हिन वही जो पिया मन भाये' से सिनेमाघरों का ताला खुला है। इसमें वितरण निशांत उज्जवल का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने सिनेमाघरों के मालिकों के साथ मिलकर फिल्म के रिलीज को सुनिश्चित किया। गौरतबल है कि अभय सिन्हा एंड इजमाईट्रिप डॉट कॉम प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म 'दुल्हिन वही जो पिया मन भाये' के निर्माता अभय सिन्हा, प्रशांत जम्मूवाला और समीर अफताब हैं। फिल्म में सुपर स्टार खेसारीलाल यादव, काजल राघवानी, मधु शर्मा और पद्म सिंह मुख्य भूमिका में हैं। को–प्रोड्यूसर रंजीत सिंह, राम अरोड़ा और मड्ज मूवीज है। पीआरओ रंजन सिन्हा और सर्वेश कश्यप हैं। फिल्म में लिरिक्स कुंदन प्रीत, प्यारे लाल यादव, यादव राज, अजीत हलचल और रजनीश मिश्रा हैं। वितरक रेणु विजय फिल्म्स के निशांत उज्जवल हैं।

# यूपी कॉलेज के वर्तमान प्राचार्य की नियुक्ति नियमों के विरुद्ध! मांगी गई जनसूचना




प्रखर वाराणसी। उदय प्रताप कालेज के वर्तमान प्राचार्य डॉ जीएस राठौर की नियुक्ति को लेकर खबर आ रही है कि उनकी नियुक्ति नियम के विरुद्ध की गयी है। प्राप्त जानकारी के सरस्वती सम्मान मिलने के कारण उसके लाभों के तहत उनके कार्यकाल को 2 साल आगे बढ़ाया गया है। उन्हें जब यह सम्मान मिला तो डॉ राठौर कालेज को रीडर के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब सवाल यह है कि उस समय मिले सेवा विस्तार का लाभ देते हुए उन्हें देश की प्रतिष्ठित संस्था का प्रचार्य बना दिया गया है। इस संदर्भ में पूरी जानकारी के लिए कॉलेज के जनसूचना अधिकारी से सूचनाएं मांगी गई हैं। जल्द ही इस पूरे प्रकरण पर साक्ष्य सहित जानकारी उपलब्ध होगी। खबर है कि प्रबंध समिति को बगैर विश्वास में लिए ही डॉ जीएस राठौर की नियुक्ति की गई है। इस संदर्भ में प्रखर पूर्वांचल ने कालेज प्रबंध सचिव से उनके पक्ष के लिए संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उनका फोन लगातार संपर्क क्षेत्र से बाहर रहा।

# शासनादेशों की धज्जियां उडा रहे निजी विद्यालय संचालक,विभाग मौन




प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। नौतनवां क्षेत्र में स्थित निजी विद्यालय संचालक सरकार के शासनादेश की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिसमें विद्यालय संचालक के साथ साथ शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी खूब मालामाल हो रहे हैं, बताया जाता है कि स्थानीय शिक्षा विभाग के अधिकारी को हर गतिविधियों की जानकारी रहती है लेकिन अधिकारी विद्यालय संचालक से लेनदेन कर हर गलत कार्य को सही करने में जुटे रहते हैं यही कारण है कि निजी विद्यालय संचालक शासनादेशों की धज्जियां उड़ाने में कहीं से कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बताया गया कि नौतनवां क्षेत्र में स्थित निजी विद्यालय संचालक अपने पहुंच के दम खुलेआम शासनादेशों को दरकिनार कर खुलेआम प्राइमरी से लेकर इंटर तक के क्लास संचालित कर रहे हैं। वहीं कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा आदेश पारित किया गया है, शासनादेश के माध्यम से प्राइमरी से लेकर जूनियर तक के कक्षाओं को सख्ती के साथ बंद करने का आदेश दिया गया है, तथा हाई स्कूल व इंटर के कक्षाओं को गाइडलाइन के अनुसार संचालित किये जाने का भी निर्देश हैं। लेकिन नौतनवां क्षेत्र के दबंग व मनबढ़ किस्म के निजी विद्यालय संचालक शिक्षा विभाग से सांठगांठ कर धड़ल्ले से दो पालियों में विद्यालय संचालित कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक निजी विद्यालय संचालक शिक्षा विभाग के मिली भगत से प्राइमरी व जूनियर तक के कक्षाओं को सुबह के पाली में पठन–पाठन करवा रहे हैं, तथा हाईस्कूल व इंटर तक के कक्षाओं को दोपहर के पाली में संचालित कर रहे हैं इस कार्य में निजी विद्यालय संचालक से लेकर शिक्षा विभाग तक के अधिकारी खूब मालामाल हो रहे हैं। सूत्रों द्वारा यह बताया जाता है कि नौतनवा क्षेत्र में तैनात खंड शिक्षा अधिकारी को हर गतिविधियों की जानकारी है, लेकिन निजी विद्यालय संचालक से मोटी रकम लेकर उनके हर काले करतूतों पर शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी पर्दा डालने का काम कर रहे हैं यही कारण है कि निजी विद्यालय संचालक सरकार के शासनादेश को दरकिनार कर अवैध रूप से प्रतिबंधित कक्षाओं को संचालित कर रहे हैं।

# मैकिंग द डिफरेंस व डोनेटकार्ट के सहयोग से कैबिनेट मंत्री ने बांटे कपड़े



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। चोलापुर थानाक्षेत्र के साईं गांव में मैकिंग द डिफरेंस व डोनेटकार्ट के सहयोग से कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने गरीब बच्चों में वस्त्र वितरित किया। वाराणसी के साईं गांव में सूबे के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने सैकड़ो गरीब बच्चों में वस्त्र का वितरण किया। साथ ही कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न खेलों में अपने प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले युवा खिलाड़ियों को खेल किट भी वितरित किया। जिन्हें पाकर कर गरीब बच्चों समेत युवा खिलाड़ियों के चेहरे चमक उठे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने मैकिंग द डिफरेंस व डोनेटकार्ट संस्था को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसी संस्था बधाई के पात्र हैं जो समाज के दुख सुख में सदैव साथ रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 14 सालों में खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान युवाओं को उनका हक नहीं मिला लेकिन उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने युवाओं के प्रतिभा को निखारने के लिए खेल के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जल्द ही पूरे प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक विश्वकर्मा और प्रदेश अध्यक्ष चंदू विश्वकर्मा के साथ उनके टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थाओं के साथ हमारी सरकार भी कंधे कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। हमारी सरकार ने शिवपुर विधानसभा के उदयपुर ग्रामसभा में अभी तक करीब दो करोड़ रुपये कार्य करा चुकी है और आने वाले एक वर्ष में अभी दो करोड़ का कार्य और कराने जा रही है। जल्द ही क्षेत्र में पानी टंकी के निर्माण का कार्य प्रारम्भ होगा जिससे क्षेत्र के झोपड़ी से बंगले तक की पानी की समस्या खत्म हो जाएगी। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों प्रिंन्स चौबे, अजय चौबे, पिंटू राजभर, दिनेश विश्वकर्मा, सनी प्रजापति के साथ अनिल मिश्रा, प्रकाश राजभर, राजेश राजभर, मनोज मिश्रा, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय, रामबालक पाण्डेय, मनोज चौबे, दीपू पटेल, प्रदीप पटेल समेत सैकड़ो बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे।

# जयसवाल समाज अध्यक्ष के चुनाव मे अनियमितता की शिकायत लेकर पहुंचे एसडीएम कार्यालय




प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के नगर पालिका नौतनवा में रविवार को जयसवाल अतिथि भवन में चुनाव जयसवाल महासभा अध्यक्ष का चुनाव काफी गहमागहमी के बीच संपन्न हुआ इस चुनाव में नगर के दो प्रत्याशी जयप्रकाश जयसवाल एवं सुधाकर जयसवाल ने प्रतिद्वंदिता दिखाइ। इस दौरान पुलिस प्रशासन एवं मीडिया कर्मी मौजूद रहे देर शाम जयप्रकाश जयसवाल द्वारा अध्यक्ष पर जीतने पर दूसरे पक्ष के लोगों द्वारा विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि चुनाव में धांधली भाजी की गई एवं फर्जी वोट डाले गए इसके लिए दूसरे पक्ष के लोगों ने बीएसडीएम को ज्ञापन देकर पुणे चुनाव कराने की मांग की। बताते चलें कि जायसवाल समाज के लोगों ने आज एसडीएम प्रमोद कुमार को एक ज्ञापन देते हुए कहा कि चुनाव कमेटी ने 244 मतदाताओं की सूची जारी की थी उसे बोर्ड पर चस्पा भी करा दिया गया था और जब मतदान हुआ तो 280 मत पड़ा जिसकी घोषणा चुनाव कमेटी ने की ।लेकिन जब वोटों की गिनती किया गया तो 283 मत निकला। मिली जानकारी के अनुसार उक्त प्रकरण में एक प्रत्याशी को 144 मत दूसरे को 139 मत बताया गया। पूर्व चेयरमैन अशोक जयसवाल ने विरोध जताते हुए कहा कि जब मतपेटिका में 280 मत पड़ा तो 283 वोट कहाँ से आ गए। यह सरासर गलत हुआ है। जायसवाल समाज के लोगों ने उप चुनाव प्रणाली को पूरी तरह से अवैध बताते हुए चुनाव निरस्त कर चुनाव कमेटी के सभी पत्रावली तथा कागजात को जब्त कर दोबारा चुनाव कराने की मांग की। इस दौरान राजाराम जयसवाल नित्यानंद जयसवाल कृष्ण मुरारी जयसवाल रिंकू जायसवाल अंजनी जसवाल ऋषि जयसवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# हाई कोर्ट में मामला विचाराधीन होने के बावजूद दबंगों द्वारा आंवला की जमीन पर जबरदस्ती कब्जा

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। रामनगर थानाअंतर्गत श्रीमती प्रेमलता देवी जिनकी भूमि सुजाबाद पड़ाव मे स्थित है महिला एक अबला है जिसके पति 2 साल से लापता है और इनके बच्चे भी नहीं है पीड़िता 2 वर्षों से लगातार एसएसपी कार्यालय डीएम कार्यालय और निकटतम चौकी और थाने में अपनी गुहार लगा रही है लेकिन स्थानीय थाने पर भी कोई सुनवाई ना होने पर और अबला महिला को जबरजस्ती थाने में बंद करने की धमकी थाने से दी जा रही है ऐसे में अबला महिला के पास अपनी जीवनी की स्थिति में मात्र ये आधा विश्वा का जमीन ही है जो इसके लिए एक छत्र का काम करेगी लेकिन दबंग छोटे लाल यादव अमरनाथ यादव और किशन यादव ने प्रार्थिनी की जमीन पर कब्जा करने की मंशा बना ली और जमीन पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं होने दे रहे है।

# वाराणसी व्यापार मंडल का कोतवाली थाना पर रोष प्रदर्शन



**व्यापारी गौरव निगम को पुलिस द्वारा उठाये जाने के विरोध में व्यापारी एकजुट**

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। शुभम केसरी हत्याकांड में आज वाराणसी क्राइम ब्रांच द्वारा वाराणसी व्यापार मंडल के व्यापारी तथा स्वर्गीय मोहन निगम जिनकी हत्या में शुभम केसरी अभियुक्त के तौर पर नाम नामजद था ,पुलिस द्वारा उठा लिया गया जिसके विरोध में वाराणसी व्यापार मंडल महामंत्री प्रमोद अग्रहरी प्रदेश ,अध्यक्ष रमेश निरंकारी के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारी थाना कोतवाली मैदागिन पहुंच गए । आईटी सेल अध्यक्ष संतोष सिंह दी गयी सूचना के अनुसार शहर के प्रतिष्ठित झोला व्यवसाई मोहन निगम जिनकी हत्या में शुभम केसरी नामजद था और श्री गौरव निगम और उनके मामा को रंगदारी मांगने के आरोप में भी इसके ऊपर केस दर्ज किया गया था और उसके ही चलते पुलिस द्वारा गौरव निगम को पुलिस सुरक्षा प्रदान की गई थी। विगत दिनों में अहरोरा में पाई पाई गई 2 लाशों जिसकी पहचान शुभम केसरी तथा रवि सिंह के रुप में हुई थी। इस केस में पुलिस द्वारा गैरकानूनी और अपनी हरकतों को छुपाने के लिए मृतक के पुत्र को ही अभियुक्त बनाने की कोशिश की जा रही थी जिसकी वाराणसी व्यापार मंडल ने भरपूर शब्दों में भर्त्सना की है और आला अधिकारियों को यह चेतावनी दी है कि इस केस में अगर इस तरह से व्यापारी को तंग और मृतक के पुत्र को ही अधिक बनाने की कोशिश की जाएगी तो व्यापार मंडल सड़कों पर संघर्ष करने के लिए उतर जाएगा । महामंत्री प्रमोद अग्रहरि के नेतृत्व में क्षेत्र के सभी व्यापारी कोतवाली थाने पर एकत्रित हो गए हैं श्री रमेश निरंकारी सिकंदर जायसवाल श्री नरेंद्र सोनी जी सविता सिंह वंदना सेठ संजय गुप्ता मनीष गुप्ता दीप्तिमान देव गुप्ता आंचल मौर्य जितेश जयसवाल सत्यप्रकाश जयसवाल अरविंद जयसवाल राजीव वर्मा रश्मि देसाई जितेंद्र गुप्ता गोपाल यादव पवन गुप्ता शरद श्रीवास्तव शाहिद कुरेशी जाकिर भाई गोपाल गुप्ता नूर हसन अंबे सिंह सचिन मौर्या गोपाल यादव अमित मल्होत्रा बबलू चौहान अशोक गुप्ता चौरसिया विष्णु गुप्ता अजय जयसवाल आदि सैकड़ों व्यापारी इस समय कोतवाली थाना वाराणसी पर एकत्रित है व्यापारियों की मांग है कि इस केस में उचित न्याय हो और इस तरह से पीड़ित को ही अभियुक्तों की तरह पेश करने की प्रवृत्ति पर लगाम लगाई जाए।

# शाहगंज में ट्रांसफार्मर में वृद्धि के चलते कई उपकेंद्रों की सोमवार से शुक्रवार तक बन्द रहेगी विधुत आपूर्ति

प्रखर खेतासराय जौनपुर। विद्युत उपकेंद्र शाहगंज की क्षमता वृद्धि के चलते उक्त उपकेंद्र से जुड़े सभी उपकेंद्रों की बिजली आपूर्ति सोमवार से शुक्रवार तक बाधित रहेगी। यह जानकारी अधिशासी अभियंता बिजली रामनरेश ने मीडिया को दी है। बताया कि बिजली उपकेंद्र शाहगंज में 40 एमवीए के ट्रांसफार्मर की क्षमता को बढ़ाकर उसके स्थान पर 63 एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य सोमवार से शुक्रवार तक चलेगा। इस बीच उक्त उपकेंद्र से जुड़े होने वाले टाउन प्रथम व द्वितीय, सुइथाकला, पिलकिछा, जौनपुर, सोंगर व शाहगंज सभी उपकेंद्रों की आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बीच सभी केंद्रों को बारी–बारी से यथासंभव बिजली आपूर्ति भी की जाएगी।

# क्षेत्राधिकारी सदर ने थाना लोहता का निरीक्षण किया



प्रखर लोहता वाराणसी। सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर डॉ राकेश कुमार मिश्रा ने लोहता थाना निरीक्षण के लिए पहुंच गए। जहां उन्हें पुलिसकर्मियों ने सशस्त्र सलामी दी। इसके बाद उन्होंने थाने में स्थित दफ्तर में रखे अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों से सभी रजिस्टर में अपराध अंकित होने तथा कार्रवाई के बारे में जानकारी की। सीओ ने थाने पर मौजूद दरोगा व पुलिसकर्मियों से शस्त्र खुलवाए खुद भी शस्त्र के बारे में पुलिसकर्मियों को जानकारी दी। इसके बाद वह पुलिसकर्मियों के बैरक में पहुंच गए। जहां सुविधाओं की जानकारी की। पुलिस कर्मियों से समस्याओं के बारे में भी पूछा। कंप्यूटर कक्ष में निरीक्षण करते हुए आनलाइन कार्य के बारे में जानकारी की। पुलिस कर्मियों की बैठक में सीओ ने सभी उपनिरीक्षको से कहा कि अपनी विवेचना समय से गुणवत्ता के अनुसार शीघ्र निपटायें। सीओ ने खाने की मैस का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को खाना देने के बारे में जानकारी की। सीओ सदर डॉ राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना पर निरीक्षण के दौरान महिला हेल्प डेस्क जन सहयोग से बनाया जा रहा है तथा थाना परिसर में और भी बैरक बनाने के लिए ।उच्चाधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। पुलिसकर्मियों को शस्त्रों के संचालन के बारे में जानकारी दी गई। वहीं उन्हें हर हाल में थाने पर आने वाले पीड़ितों को न्याय देने के बारे में भी कहा गया।

# गुमशुदा अमित की लगाई जा रही है अपहरण की कयास




**घटना से उग्र ग्रामीणों ने किया सड़क जाम**

प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। जनपद महाराजगंज के थाना कोतवाली ग्राम नारायणपुर पोस्ट बेलवा खुर्द मे दिनांक 15/01/2021 को अपने टीवीएस स्कूटी बाइक जिसका नंबर यूपी 56 बी 5602 से अमित शर्मा पुत्र रामकिशोर शर्मा सुबह 9रू00 बजे स्कूल जाने के लिए निकला था देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को देते हुए गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई । मिली जानकारी के अनुसार अमित शर्मा लिटिल फ्लावर स्कूल में पढ़ता था। फीस जमा करने के लिए सुबह घर से निकला था परंतु देर शाम तक घर नहीं पहुंचने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। सदर कोतवाली में परिजनों ने प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराई ।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है ।3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा बालक को बरामद ना कर पाने को लेकर सिंदुरिया शिकारपुर सड़क को ग्रामीणों ने जाम कर दिया ।जिसको लेकर एसडीएम ,सदर सीओ ,सदर कोतवाल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाते बुझाते हुए कहा कि पुलिस अपना कार्य कर रही है जल्द ही अपहरण हुए बच्चे का पता लगा लिया जाएगा तब जाकर ग्रामीणों ने जाम को हटाया ।

# पनियरा पुलिस ने चोरी के 06 हैण्डपम्प सहित वांछित एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार




प्रखर पूर्वांचल महराजगंज ब्यूरो। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री प्रदीप गुप्ता के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज श्री निवेश कटियार के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक–17.01.2021 थाना पनियरा पुलिस द्वारा जरिए मुखबीर खास से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0– 25/21 धारा– 379 भा0द0वि0 के वांछित अभियुक्त रंजीत चौहान उर्फ मंटू चौहान पुत्र बगेदू चौहान नि0 रामनगर थाना पनियरा जनपद महराजगंज को डिगुरी शीतलपुर मोड़ से विभिन्न जगहों से चोरी किए गए 06 अदद हैंडपंप के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए चालान मा0 न्यायालय किया गया।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं